# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 13 | अंक 15 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार , 2 सितम्बर 2025 से 8 सितम्बर 2025 तक


# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रमादित्य वैदिक घड़ी और ऐप का किया लोकार्पण

**भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतवर्ष ने अपने ज्ञान से सम्पूर्ण ब्रह्मांड को अलौकिक किया है। कालगणना की पद्धति 300 साल पहले तक हमारे देश से दुनिया तक जाती थी। भारतीय संस्कृति का प्रत्येक पहलु प्रकृति और विज्ञान का ऐसा विलक्षण उदाहरण है, जो विश्व कल्याण का पोषक है। इन्हीं धरोहरों के आधार पर निर्मित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय परम्परा का गौरवपूर्ण प्रतीक है। इस घड़ी के माध्यम से भारत के गौरवपूर्ण समय को पुनर्स्थापित किया जा रहा है। विरासत-विकास-प्रकृति और तकनीक के संतुलन का प्रकटीकरण विक्रमादित्य वैदिक घड़ी से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के अनावरण और उसके ऐप लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राजा भोज पर यूट्यूब सीरीज के फोल्डर और खगोल विज्ञान पर फिल्म सीडी का किया विमोचन मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास के नवनिर्मित द्वार पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का मंत्रोच्चार के बीच अनावरण किया। इस अवसर पर शौर्य स्मारक से आरंभ हुई 'भारत का समय-पृथ्वी का समय' रैली मुख्यमंत्री निवास पहुंची। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रैली में शामिल युवाओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के ऐप का लोकार्पण, राजा भोज पर निर्मित यू-ट्यूब सीरीज के फोल्डर का विमोचन और खगोल विज्ञान पर केन्द्रित फिल्म की सीडी का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैदिक घड़ी के उपयोग को प्रोत्साहित करने का आहवान किया और उपस्थित युवाओं से मोबाइल में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी ऐप भी डाउनलोड करवाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर वैदिक घड़ी भेंट की गई।

## भारतीय कालगणना में ऋतुओं के प्रभाव का विशेष महत्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि सनातन संस्कृति के व्रत, त्यौहार अंग्रेजी कैलेंडर के आधार पर नहीं आते, उनकी गणना में ऋतुओं का प्रभाव शामिल है। सावन-भादो-कार्तिक माह का प्रभाव हम सब अपने जीवन में अनुभव कर रहे हैं। पूर्णिमा और अमावस्या का समुद्र पर प्रभाव ज्वार-भाटा से आंका जा सकता है, इससे हमारी तिथियों की सत्यता भी प्रमाणित होती है। मानसिक रोगियों पर अमावस्या और पूर्णिमा का प्रभाव चिकित्सा शास्त्र भी स्वीकार करता है। मानव शरीर संरचना में 70 प्रतिशत जल का अंश है, जो अमावस्या और पूर्णिमा पर प्रभावित होता है। इसी का परिणाम है कि मानसिक चिकित्सालयों को अमावस्या और पूर्णिमा पर विशेष सतर्कता बरतने



के स्थाई निर्देश हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय शास्त्रों में समय की गणना सूक्ष्मतम स्तर तक की गई है। सनातन संस्कृति में सूर्योदय से सूर्योदय तक की गणना का विधान है। इस प्राचीन गणना में 30 मुहुर्त हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति में विभिन्न सिद्धांतों पर विचार-विमर्श के लिए कोई बंधन या दंड नहीं है, जबकि कालगणना पर वैचारिक मतभेद के कारण मृत्युदंड देने का उद्धरण पश्चिम के इतिहास में मिलता है।



## पंचांग भारतीय कालगणना की शुद्धता और सटीकता का हैं जीवंत उदाहरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खगोलीय अध्ययन के लिए सूर्य से बनने वाली छाया के आधार पर सूर्य की गति की गणना की गई। उन्होंने बताया कि भारत का केन्द्र उज्जैन है और उज्जैन का केन्द्र वर्तमान में डोंगला में स्थित है। डोंगला का प्रसंग भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से जुड़ता है। संभवतः डोंगला के इस महत्व से ही भगवान श्रीकृष्ण का आगमन हुआ था। पंचांग भारतीय कालगणना की शुद्धता और सटीकता का जीवंत उदाहरण हैं। पंचांग के विद्वान चंद्रग्रहण, सूर्यग्रहण, तिथि, नक्षत्र, वार, व्रत, त्यौहार और मुहूर्तों की जानकारी वर्तमान में भी त्वरित रूप से उपलब्ध कराते हैं।

प्रदेशवासियों द्वारा दिया गया अधिकार और लोगों का भरोसा ही हमारी सरकार का आधार मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास के द्वार पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री निवास केवल मुख्यमंत्री का नहीं, अपितु सभी प्रदेशवासियों की धरोहर है। प्रदेशवासियों द्वारा दिया गया अधिकार और लोगों का भरोसा ही हमारी सरकार का आधार है। भारतीय संस्कृति के अतीत के गौरवशाली पृष्ठों का प्रकटीकरण हमारा दायित्व है। इसी का परिणाम है कि हमारी कालगणना का केन्द्र उज्जैन है, परंतु कालगणना की पद्धति की जानकारी प्रदेश की राजधानी में हो, इसके लिए प्रयास करते हुए विक्रमादित्य वैदिक घड़ी की स्थापना भोपाल में की गई। भारतीय कालगणना की पद्धति की जानकारी का वैश्विक रूप से भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैदिक घड़ी के ऐप के माध्यम से हम अपने मोबाइल में वैदिक घड़ी का संचालन कर सकते हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा और संस्कृति विभाग के इस आयोजन में योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम आजादी के अमृतकाल में चल रहे हैं। पूरी दुनिया का समय बदल रहा है, पश्चिम के बाद अब पूर्व का समय आया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए हैं प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अपने दृष्टिकोण को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। भारत का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। उन्हीं के प्रयासों से वर्ष 2014 में दुनिया के अंदर यूनेस्को के माध्यम से योग को पुनर्स्थापित किया गया। भारत का ज्ञान, कौशल और विशेषता केवल भारत के लिए नहीं है, यह समूची मानवता के लिए है। भारत का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए इस भाव से प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हम निरंतर सक्रिय और अग्रसर हैं। सुशासन के उच्चतम मापदंडों के आधार पर वर्तमान व्यवस्थाओं का हो रहा है संचालन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सुशासन के आधार पर ही विक्रमादित्य काल वर्तमान समय तक याद किया जाता है। सुशासन के इन्हीं उच्चतम मापदंडों के आधार पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में वर्तमान में व्यवस्थाओं का संचालन हो रहा है। उनके प्रत्येक निर्णय से देश गौरवान्वित होता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी हर परिस्थिति में हमारे वैज्ञानिकों, सैनिकों, किसानों सहित देश के लिए समर्पित प्रत्येक व्यक्ति के साथ हैं। सनातन संस्कृति को सहेजने की पहल सराहनीय और वंदनीय

खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि उस राष्ट्र का भविष्य ही सुरक्षित रहता है, जो अपने अतीत और संस्कृति को प्रतिबद्धता के साथ आत्मसात करता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में सनातन की ध्वजा चहुंओर लहरा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पिछले लगभग दो वर्षों में विकास और जनकल्याण के साथ सनातन संस्कृति को सहेजने की जो पहल की है, वह सराहनीय और वंदनीय है। कार्यक्रम को पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, सांसद श्री आलोक शर्मा, वैदिक घड़ी के अन्वेषणकर्ता श्री आरोह श्रीवास्तव, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे और महर्षि सांदीपनि विश्वविद्यालय के कुलगुरू पंडित शिवशंकर मिश्र ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, विधायक श्री विष्णु खत्री, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, अध्यक्ष नगर निगम श्री किशन सूर्यवंशी, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरू और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

घड़ी और ऐप की विशेषताएं विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय काल गणना पर आधारित विश्व की पहली घड़ी है, जो भारतीय परंपरा, वैदिक गणना और वैज्ञानिक दृष्टि का अद्भुत संगम है। यह भारत की सांस्कृतिक धुरी बनकर वैश्विक भाषाओं, परंपराओं, आस्था और धार्मिक कार्यों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी बनेगी। साथ ही विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के तैयार किये गये मोबाइल ऐप में 3179 विक्रम पूर्व, महाभारतकाल से लेकर 7 हजार से अधिक वर्षों के पंचांग, तिथि, नक्षत्र, योग, करण, वार, मास, व्रत एवं त्यौहारों की दुर्लभ जानकारियां समाहित की गई हैं। धार्मिक कार्यों, व्रत और साधना के लिए 30 अलग-अलग शुभ मुहूर्तों की जानकारी एवं अलार्म की सुविधा भी है। प्रचलित समय में वैदिक समय (30 घंटे), वर्तमान मुहूर्त स्थान, GMT और IST समय, तापमान, हवा की गति, आर्द्रता एवं मौसम संबंधी सूचनाएं भी लोगों को उपलब्ध करायी गई है। यह ऐप 189 से अधिक वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध है।

इसमें दैनिक सूर्योदय और सूर्यास्त की गणना तथा इसी आधार पर हर दिन के 30 मुहूर्तों का सटीक विवरण शामिल है।

# आत्म सुख को पाने का मार्ग है सहज योग



आत्मविनाशी यानि आत्मा को सुख न दे पाने वाले व्यवहार वे हैं जो हमें भावनात्मक, शारीरिक या मानसिक रूप से नुकसान पहुँचाते हैं। यह कभी कभार अंजाने में हो जाता है या हो सकता है कि आप ठीक-ठीक जानते हों कि आप क्या गलत कर रहे हैं, लेकिन कई इच्छायें इतनी प्रबल होती है कि उसे नियंत्रित नहीं किया जा सकता है यानि हम अपनी इच्छाओं के गुलाम हो जाते हैं।

बुरी आदतें जैसे रोज देर रात तक जागने की आदत के कारण स्ट्रेस बढ़ता है। इससे उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, डायबिटीज या डिप्रेशन जैसी समस्या की आशंका बढ़ सकती है। जरुरत से ज्यादा खाने से या फास्ट फूड अधिक खाने से मोटापा बढ़ता है। वजन ज्यादा होने पर शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी बढ़ता है, जिससे हृदय को नुकसान पहुंचता है। इन आदतों से बेबस व्यक्ति क्रोधी और चिड़चिड़ा भी हो जाता है जो हमारे अपने जीवन को त्रस्त कर देता है। नशे की आदत सबसे बड़ी गुलामी है।

दरअसल जब हम अपनी बुरी आदतों पर काबू पाने की कोशिश करते हैं तब हमारे दिमाग के कुछ हिस्से हमारे खिलाफ काम कर रहे होते हैं। मनोवैज्ञानिक कहते हैं, "ये आदतें हमारे दिमाग को कठोरता से जकड़े रखती हैं।" और मस्तिष्क का भाग उन चीज़ों के लिए तरसता रहता है जिसका विरोध करने की हम बहुत कोशिश कर रहे होते हैं।

पर हमेशा क्या हम अपनी बुरी आदतों का गुलाम बने रहेंगे? हमें इन बुराईयों से मुक्ति तो चाहिए ना! इस संबंध में हमारी परमपूज्य श्री माताजी ने दिनांक 26 अप्रेल 1993 के प्रवचन में हम सहज योगियों को यह निर्देशात्मक जिम्मेदारी दी है उन्होंने कहा कि, "हम नहीं कह सकते हैं कि कितने बचाये जायेंगे। क्या मनुष्य अपनी मूर्खता के कारण, अपनी विनाशकारी आदतों के कारण खो सकते हैं, जो उन्होंने बना ली है। लेकिन आपकी (सहज योगियों की) बहुत बड़ी जिम्मेदारी है ऐसा मत सोचो कि "मैं किसी काम के लिए अच्छा नहीं हूँ। " कभी नहीं, ऐसा कभी मत सोचो। आप सभी संत हैं और आप महान कार्य करने में सक्षम हैं।" महान कार्य यह है कि जो इंसान सहज योग से जुड़ा नहीं हैं उन्हें हम सहज योग बतायें। दरअसल ध्यान धारणा वो भी सहज योग पद्धति से जब हम करते हैं तो हमारी आत्मा जागृत होती है और हमारे सूक्ष्म शरीर की शक्तियां हममें सद्गुण जागृत करती हैं और आश्चर्यजनक बदलाव हममें आते हैं। हमारे हाथों से और सिर के तालु भाग से प्रवाहित होने वाला चैतन्य हमारे मस्तिष्क और विचारों को संतुलित करता है। तो क्यों न हम सहज योग को अपनायें। जीवन को सुंदर बनाने का सुंदर मार्ग है सहज योग। सहज योग सरल है और पूर्णतया निशुल्क भी। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने तथा सहजयोग के विषय में जानकारी प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नम्बर 18002700800 पर सम्पर्क करें।

# राष्ट्रीय कार्यकारणी की घोषणा







**प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स संगठन के डिजीटल मीडिया विभाग की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सहित प्रदेश अध्यक्ष एवं संयोजकों की घोषणा हुई**

मुंबई।पत्रकार सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध अखिल भारतीय संगठन प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स पंजीकृत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सैयद खालिद कैस एडवोकेट ने संगठन के डिजीटल मीडिया विभाग की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सहित प्रदेश अध्यक्ष एवं संयोजकों की घोषणा की। घोषणा अनुसार संगठन महासचिव श्रीमती शशि दीप मुंबई को पुनः डिजिटल मीडिया विभाग का राष्ट्रीय संयोजक मनोनीत किया गया है।

डिजिटल मीडिया विभाग में राष्ट्रीय महासचिव पद पर डॉक्टर जाकिर शेख बैतूल मध्य प्रदेश, श्री सैयद रिज़वान अली धार मध्यप्रदेश सहित श्री बाबूलाल नागा जयपुर राजस्थान को दायित्व सौंपा गया है। डिजिटल मीडिया विभाग में राष्ट्रीय सचिव श्री राजू असरानी मुम्बई, श्रीमती नीता सामंतराय ,सूरत गुजरात, श्री इकबाल अंसारी मुंबई महाराष्ट्र, श्री सुनील योगी देवास मध्य प्रदेश, श्री शाहाब मलिक भोपाल मध्य प्रदेश को मनोनीत किया गया है। डिजिटल मीडिया विभाग में तेलंगाना इकाई प्रदेश संयोजक श्री मोहम्मद शिराज करीम नगर तेलंगाना, पश्चिम बंगाल इकाई प्रदेश संयोजिका श्रीमती रवीना घोष कोलकाता वेस्ट बंगाल, श्रीमती भारती माखीजानी को गुजरात इकाई का प्रदेश संयोजक , श्री आसिफ पी इकबाल को प्रदेश संयोजक आंध्र प्रदेश बनाया गया है। मध्य प्रदेश इकाई अध्यक्ष का दायित्व श्री सुनील योगी देवास मध्य प्रदेश को सौंपा गया है।

# मध्य प्रदेश एनजीओ महासंघ के तत्वावधान में पुनासा में भव्य नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि आदरणीय श्री रवि प्रताप बुंदेला जी (मालवा प्रांत प्रचारक) ने किया। श्री कैलाश पटेल जी, श्री मंजीत सिंह भाटिया रिंकू वीर जी, श्री चेतराम नायक जी गजराज राठौर जी, श्री रुपेश पवार जी श्री जयकिशन जाधव जी इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और घुमंतू जाति के हॉस्टल के बच्चे एवं युवा उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य शिविर में इंदौर से पधारी चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श दिया। वहीं रक्तदान शिविर में युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मानव सेवा की मिसाल पेश की।कार्यक्रम मे लगभग 500 से अधिक लोग ने भाग लिया एनजीओ महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और रक्तदान जैसी पुण्य परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।

शिविर के अंत में रक्तदाताओं, डॉक्टरों और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। मध्यप्रदेश एनजीओ महासंघश्री शशि सातपुते, श्री श्रेयांश जैन, विकास पवार जी सुनील केवट दीपक नायक जी नर्मदा राठौर जी, रविंद्र जाधव बंजारा जी द्वारा सभी अतिथि का पुनः आभार व्यक्त किया गया।

# इंदौर : गैंगस्टर सलमान लाला की तालाब में डूबकर मौत

इंदौर। इंदौर का कुख्यात गैंगस्टर सलमान लाला रविवार को तालाब में डूबने से मौत का शिकार हो गया। पुलिस और क्राइम ब्रांच की कार्रवाई से बचने की कोशिश में उसने तालाब में छलांग लगा दी थी।

## घटनाक्रम

सलमान लाला अपने भाई सिद्धू उर्फ़ शादाब को लेने सागर जेल गया था।

इंदौर लौटते वक्त इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे घेरने की कोशिश की।

इस दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर हमला करने की कोशिश की।

मौके पर क्राइम ब्रांच ने सिद्धू (शादाब), अरुण मालवीय, सौरभ और कुलदीप को गिरफ्तार किया।

इनके पास से पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

सलमान लाला का तालाब में छलांग लगाना



गिरफ्तारी से बचने के लिए सलमान लाला भागते-भागते एक तालाब में कूद गया।

संभवतः उसे लगा कि तालाब छोटा और उथला है, लेकिन तालाब गहरा निकला।

लगातार पीछा कर रही पुलिस टीम मौके पर मौजूद थी, परंतु गहराई में डूबने के कारण सलमान बाहर नहीं निकल पाया।

बाद में एसडीआरएफ टीम की मदद से शव तालाब से बरामद किया गया।

आपराधिक पृष्ठभूमि

सलमान लाला पर 32 से अधिक संगीन केस दर्ज थे।

इनमें एनडीपीएस एक्ट, हत्या के प्रयास और अवैध हथियारों से जुड़े केस शामिल थे।

वह लंबे समय से पुलिस की निगरानी में था और हाल ही में जमानत पर बाहर आया था।

## नतीजा

गैंगस्टर सलमान लाला की मौत ने इंदौर के अपराध जगत में सनसनी फैला दी है। पुलिस के मुताबिक यह घटना अपराध की दुनिया से जुड़े लोगों के लिए कड़ा संदेश है कि अपराध का अंत हमेशा दुखद ही होता है।

# रतलाम में जीतू पटवारी के वाहन पर पथराव, गाड़ी के कांच फूटे, लेकिन सुरक्षित



रतलाम। जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों पहले जीतू पटवारी द्वारा धाकड़ समाज को लेकर एक बयान दिया गया था। इसको लेकर समाज के लोग उनका विरोध करने के लिए पहुंचे थे। कुछ लोग हाथ में काले झंडे लिए खड़े थे। इसी दौरान पथराव शुरू हो गया और ड्राइवर वहां से तेजी से कार को निकालकर ले गया। कोई गंभीर चोट की खबर नहीं है, लेकिन घटना ने राजनीतिक तनाव बढ़ा दिया है। पटवारी ने कहा था कि "धाकड़ हाईवे कांड सुना था उसके बाद एक और उससे बड़ा कांड मंदसौर BJP नेता ने किया है उसका वीडियो फोटो जल्दी मिलेगा।" इस बयान को धाकड़ समाज ने अपमानजनक माना, क्योंकि यह उनके समुदाय को बदनाम करने वाला लगा। समाज के सदस्यों ने इसे "समाज विरोधी" बताते हुए विरोध की घोषणा की।

# 48 घंटे में लूट का राजफाश, तीन शातिर आरोपी गिरफ्तार

## रणजीत टाइम्स

**इंदौर /पीथमपुर। थाना सेक्टर-1 पुलिस ने अपनी सूझबूझ, तत्परता और जांबाज टीम की सक्रियता से मात्र 48 घंटे के भीतर लूट की बड़ी वारदात का खुलासा कर तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।**



इस कार्रवाई में पुलिस ने न केवल फरियादी की लूटी गई होण्डा शाइन मोटरसाइकिल कीमत करीब एक लाख बीस हजार रुपये बरामद की, बल्कि वारदात को अंजाम देने में प्रयुक्त हीरो होण्डा स्प्लेंडर कीमत लगभग अस्सी हजार रुपये भी जब्त कर कुल दो लाख रुपये से अधिक का मशरुका अपने कब्जे में लिया। इस त्वरित और सटीक कार्रवाई ने पीथमपुर पुलिस की कार्यकुशलता और जनता के प्रति उसकी जिम्मेदारी को एक बार फिर साबित कर दिया है। घटना 26 अगस्त 2025 की शाम करीब छह बजे की है, जब फरियादी अब्दुल आहद पिता अब्दुल कलाम मेहर उम्र 44 वर्ष निवासी गोपालपुरा तहसील महू जिला इंदौर अपनी भैंस को खोजने के लिए मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 09 एएच 2411 से संजय जलाशय रोड की ओर गए थे। जैसे ही वे पानी की टंकी के पास पहुंचे, तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और बलपूर्वक उनकी मोटरसाइकिल छीन ली। इतना ही नहीं, उनकी पैंट की जेब में रखे दो हजार रुपये भी लूटकर आरोपी फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सेक्टर-1 पुलिस ने धारा 309(4) बीएनएस में मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। नगर पुलिस अधीक्षक पीथमपुर रवि सोनेर ने बताया कि थाना प्रभारी निरीक्षक ओ.पी. अहिर के निर्देशन में तुरंत ही एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने घटनास्थल एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में गहन पड़ताल शुरू की। मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया और तकनीकी साधनों का भी सहारा लिया गया। पुलिस की इस रणनीति ने मात्र दो दिन में रंग दिखाया और 28 अगस्त,25 को तीनों आरोपियों को दबोच लिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विशाल उर्फ लक्की पिता आत्माराम सिरवाल उम्र 21 वर्ष निवासी बावड़ीखेड़ा थाना बड़ोदिया जिला शाजापुर हाल मुकाम सनराइज टाउन कॉलोनी थाना किशनगंज इंदौर, मिथुन उर्फ अजय पिता मांगीलाल मीणा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पलसावद थाना बेरछा जिला शाजापुर हाल मुकाम सनराइज टाउन कॉलोनी किशनगंज इंदौर तथा विमल पिता शिवनारायण गोर उम्र 31 वर्ष निवासी ग्वालनगर हरदा हाल मुकाम छत्रछाया कॉलोनी पीथमपुर जिला धार शामिल हैं। तीनों शातिर आरोपियों से लूटी गई होण्डा शाइन मोटरसाइकिल कीमत लगभग एक लाख बीस हजार रुपये और वारदात में प्रयुक्त हीरो होण्डा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल कीमत लगभग अस्सी हजार रुपये जब्त कर पुलिस ने कुल दो लाख रुपये से अधिक का मशरुका बरामद किया। इस खुलासे में निरीक्षक ओ.पी. अहिर के नेतृत्व में सउनि शैलेन्द्र सिंह बुंदेला, सउनि के.के. परिहार, अशोक कुमार दुबे, प्र आर विजय सिंह, प्रदीप पाटिल, आर,विक्की कुशवाह, दिलीप, आकाश गवड़े तथा सायबर सेल शाखा के प्रधान आरक्षक सर्वेश सिंह और आरक्षक प्रशांत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही | पीथमपुर पुलिस की इस उपलब्धि ने एक ओर जहां फरियादी को न्याय दिलाया है वहीं दूसरी ओर अपराधियों के हौसले पस्त करते हुए आमजन के विश्वास को और मजबूत किया है। पुलिस की तेज, पारदर्शी और प्रभावी कार्रवाई से यह संदेश स्पष्ट हुआ है कि अपराध चाहे कितना भी संगठित या योजनाबद्ध क्यों न हो, कानून की गिरफ्त से बचना संभव नहीं है। इस कार्रवाई की सर्वत्र सराहना की जा रही है और इसे पीथमपुर पुलिस की सतर्कता और प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण माना जा रहा है।

# मोदी के 'मन की बात'; प्राकृतिक आपदाओं पर बोले- जिसने प्रियजन खोए, उनकी पीड़ा, हम सबका दर्द



वार्ड क्रमांक 19 बूथ क्रमांक 83 मे शिवपुरी मे लर्नर्स अकैडमी द्वारा प्रधानमंत्री मन की बात का कार्यक्रम रखा गया जिसमें लर्नर्स अकैडमी शिवपुरी पर माननीय विधायक देवेंद्र जैन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गिराज शर्मा उपाध्यक्ष ऋतिक गर्ग अकादमी के संचालक अंशुल जैन की उपस्थिति और वही सभी अतिथियों का स्वागत बंधन किया गया और वही इस कार्यक्रम की शुरुआत तीन अक्तूबर 2014 को हुई थी। इसे 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी प्रसारित किया जाता है, जिसमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं। 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों द्वारा किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए रविवार (31 अगस्त) को लोगों से बात की। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र किया। उन्होंने बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से काफी तबाही हुई है। हर पीड़ित का दर्द, हम सभी का दर्द है। हर कोई पीड़ितों की मदद के लिए हरसंभव मदद कर रहा है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजन खोए, उनका दर्द हम सबका दर्द' उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार! मानसून के इस मौसम में प्राकृतिक आपदाएं देश की कसौटी कर रही हैं। पिछले कुछ हफ्तों में हमने बाढ़ और भू-स्खलन का बड़ा कहर देखा है। कहीं घर उजड़ गए, कहीं खेत डूब गए, परिवार के परिवार उजड़ गए, पानी के तेज बहाव में कहीं पुल बह गए, सड़कें बह गईं, लोगों का जीवन संकट में फंस गया। इन घटनाओं ने हर हिंदुस्तानी को दुखी किया है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजन खोए, उनका दर्द हम सबका दर्द है। जहां भी संकट आया, वहां के लोगों को बचाने के लिए हमारे एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के जवान, अन्य सुरक्षा बल हर कोई दिन-रात जुटे रहे। जवानों ने तकनीक का सहारा भी लिया है। थर्मल कैमरे, लाइव डिटेक्टर, खोजी कुत्ते और ड्रोन से निगरानी, ऐसे अनेक आधुनिक संसाधनों के सहारे राहत कार्य में तेजी लाने की भरपूर कोशिश की गई। उन्होंने आगे कहा, 'हेलीकॉप्टर से राहत सामग्री पहुंचाई गई, घायलों को एयरलिफ्ट किया गया। आपदा की घड़ी में सेना मददगार बनकर सामने आई। स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, डॉक्टर, प्रशासन, संकट की इस घड़ी में सभी ने हर संभव प्रयास किया। मैं ऐसे हर नागरिक को हृदय से धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस कठिन समय में मानवीयता को सबसे ऊपर रखा हुआ है पीएम मोदी ने कहा, 'बाढ़ और बारिश की इस तबाही के बीच जम्मू-कश्मीर ने दो बहुत खास उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इन पर ज्यादा लोगों का ध्यान नहीं गया, लेकिन जब आप उन उपलब्धियों के बारे में जानेंगे तो आपको बहुत खुशी होगी। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के एक स्टेडियम में रिकॉर्ड संख्या में लोग इकट्ठा हुए। यहां पुलवामा का पहला डे-नाइट क्रिकेट मैच खेला गया। पहले ये होना असंभव था, लेकिन अब मेरा देश बदल रहा है। ये मैच 'रॉयल प्रीमियर लीग' का हिस्सा है, जिसमें जम्मू-कश्मीर की अलग-अलग टीमें खेल रही हैं। इतने सारे लोग, खासकर युवा, पुलवामा में रात के समय, हजारों की तादाद में क्रिकेट का आनंद लेते हुए ये नजारा वाकई देखने लायक था।' उन्होंने कहा, 'देश में पहला 'खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल' और वो भी श्रीनगर की डल झील पर हुआ। सचमुच, ऐसा उत्सव आयोजित करने के लिए ये कितनी खास जगह है। इसका उद्देश्य है जम्मू-कश्मीर में वाटर स्पोर्ट्स को और लोकप्रिय बनाना। इसमें पूरे भारत से 800 से अधिक एथेलीट्स ने हिस्सा लिया। महिला एथेलीट्स भी पीछे नहीं रही उनकी भागीदारी भी लगभग पुरुषों के बराबर थी। मैं उन सभी खिलाड़ियों को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने इसमें भाग लिया। विशेष बधाई मध्य प्रदेश को, जिसने सबसे ज्यादा मेडल जीते, उसके बाद हरियाणा और ओडिशा का स्थान रहा। जम्मू-कश्मीर की सरकार और वहां की जनता की आत्मीयता और मेहमान नवाजी की मैं भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूं। इस दौरान पीएम मोदी ने श्रीनगर की डल झील पर हुए 'खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल' में हिस्सा लेने वाले दो खिलाड़ियों ओडिशा की रश्मिता साहू और श्रीनगर के मोहसिन अली के साथ बातचीत की।'

रणजीत टाइम्स विशेष समाचार

# गौरी-गणेश और महालक्ष्मी पूजन

## इंदौर से अमरावती, नागपुर तक गूंजा आस्था का स्वर









इंदौर/अमरावती/नागपुर/महाराष्ट्र- भाद्रपद मास के पावन अवसर पर इस वर्ष भी गौरी-गणेश और महालक्ष्मी पूजन पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के शहरों में यह पर्व घर-घर आस्था और परंपरा का संदेश लेकर आया।

### इंदौर में भव्य आयोजन

इंदौर के विभिन्न समाजिक मंडलों और परिवारों ने माता गौरी और महालक्ष्मी का स्वागत किया। पंडुरंग खांडागळे (नेहरू नगर, इंदौर) वर्षों से इस परंपरा को निभा रहे हैं और इस बार भी पूरे परिवार के साथ श्रद्धा और उल्लास से माता गौरी और महालक्ष्मी का स्वागत किया मुरली फावड़े (राम नगर, इंदौर) ने हर साल की तरह अपने परिवार सहित माता का आगमन कर विधिवत पूजन किया।

दीपक वाडेकर ने भी प्रतिवर्ष की परंपरा निभाते हुए अपने परिवार के साथ पूजन सम्पन्न किया।

वानखड़े परिवार ने पुश्तों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए पिछले 30 वर्षों से हर साल की तरह इस बार भी खुशी और नई ऊर्जा से माता का स्वागत किया।

सोनार परिवार (विनायक टाउनशिप, इंदौर) ने भी पूरे हर्षोल्लास के साथ गौरी-गणेश और महालक्ष्मी का आगमन किया और घर-परिवार में उत्सव का माहौल बना।

अमरावती में धार्मिक उल्लास

अमरावती में मराठी समाज मंडलों और परिवारों ने सजावट, पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ माता का स्वागत किया। पारंपरिक व्यंजन और सामूहिक आरती ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

नागपुर में श्रद्धा का माहौल

नागपुर शहर के विभिन्न हिस्सों में परिवारों ने फूलों से सजावट कर माता गौरी और महालक्ष्मी की प्रतिमाओं का पूजन किया। मंदिरों और मंडपों में भजन-कीर्तन और आरती के साथ उल्लास का माहौल रहा।

### धार्मिक महत्ता

गणेशजीः विघ्नहर्ता और मंगलकारी के रूप में पूजे जाते हैं।

गौरी/महालक्ष्मी माताः गृहस्थ जीवन में सौभाग्य, समृद्धि और वैभव का प्रतीक मानी जाती हैं।

पर्व का मुख्य संदेश – परिवारिक एकता और समृद्धि की कामना।

तस्वीरों में उत्सव की झलक

इंदौरः खांडागळे, फावड़े, वाडेकर, वानखड़े और सोनार परिवारों द्वारा पूजन।

अमरावतीः सामूहिक पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम।

नागपुरः घर-घर भक्ति और आरती का आयोजन।

यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह इंदौर से अमरावती और नागपुर तक सांस्कृतिक एकता और परंपरा को जीवंत बनाए रखने वाला उत्सव बन चुका है।

# शराब, शबाब और कबाब का 'अहसान' चुकाया

## कादरी को किसने सेटिंग से पेश कराया..?



लव जिहाद की फंडिंग के मामले में करीब ढाई माह से फरार अनवर कादरी उर्फ अनवर डकैत आज जिला कोर्ट के कोर्ट नम्बर 14 में पेश हो गया... 8 सितम्बर के बाद कादरी की सम्पत्ति कुर्क कर दी जाती, इसके डर से वह कोर्ट में पेश हो गया... वहीं संभागायुक्त दीपक सिंह ने भी पार्षदी खत्म करने के विषय में 25 अगस्त तक जवाब तलब किया था, लेकिन वह 29 सितम्बर को सामने आया...

सूत्रात्मक खबर है कि कादरी को पेश करने में सफेदपोशों के साथ शहर के एक थाने के उन कुछ लोगों का भी हाथ रहा, जिनके लिए कादरी 'हरी पत्तियों के बंडल से लेकर शराब, शबाब से लेकर कबाब' तक की जुगाड़ करता रहा... आला अफसरों को चाहिए कि वे 'कादरी पर असहान' करने वालों का पता लगाएं... मालूम हो कि कादरी की तलाशी में पुलिस द्वारा कई जगह छापामारी से लेकर तलाशी अभियान भी चलाया, लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा... आज जैसे ही यह खबर फैली कि कादरी कोर्ट में पेश हो चुका है तो पुलिस अफसरों ने कोर्ट की तरफ दौड़ लगाई... कांग्रेसी पार्षद कादरी पर संयोगितागंज, सदर बाजार, खजराना, बागंगा, सराफा, छोटी ग्वालटोली, एमजी रोड, चंदन नगर सहित शहर के अनेकों थानों में करीब 20 से ज्यादा प्रकरण दर्ज हैं... वहीं खबर है कि कादरी कांग्रेस के अलावा अन्य पार्टियों के नेताओं से भी दोस्ती निभाता आया... मालूम हो कि बीती 15 जून को बाणगंगा पुलिस ने दो युवकों को लव जिहाद के आरोप में गिरफ्तार किया था... उस दौरान इन्होंने अनवर कादरी का नाम लेते हुए कहा था कि हिन्दू युवतियों को फंसाने और शादी करने के लिए दो लाख रुपए दिए थे, जिसके बाद पुलिस ने कादरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया और तब से ही वह फरार रहा...

### बदल लिया था हुलिया... कोर्ट में पड़ा थप्पड़

जब कादरी फरार हुआ तो उसके बाल और दाढ़ी सफेद थी, लेकिन आज जब वह कोर्ट में पेश हुआ तो उसकी दाढ़ी तो गायब थी और बाल भी काले करवा लिए थे... वहीं कोर्ट में पेशी के बाद पुलिस वाले कादरी को दौड़ाते हुए वाहन तक ले गए... इस दौरान भीड़ में से वकीलों की तरह सफेद शर्ट और काली पेंट पहने किसी व्यक्ति ने कादरी को तमाचा भी जड़ दिया... फिलहाल कोर्ट ने कादरी को 8 दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंपा है..!

रणजीत टाइम्स – प्रेरक विशेष रिपोर्ट

# "झोपड़ी से आसमान तक सपनों को पंख देने वाली कहानी"



इंदौर। कहते हैं कठिनाइयाँ इंसान को तोड़ती नहीं, बल्कि उसे तराशती हैं। इसी बात को सच कर दिखाया है इंदौर ज़िले के एक छोटे से गाँव के युवक रामू चौधरी ने, जिसने हालात से लड़कर अपने सपनों को हक़ीक़त में बदल दिया। गरीबी ऐसी कि घर में छप्पर से बारिश टपकती थी। पिता मज़दूर और माँ खेतों में काम करती थीं। कई बार स्कूल जाने के लिए चप्पल तक नहीं होती थी, लेकिन ज्ञान पाने की ललक ने उसे रुकने नहीं दिया। खेतों में काम करके वह थक जाता, लेकिन रात को लालटेन की रोशनी में किताबें पढ़ता।

कक्षा 12वीं में उसने पूरे ज़िले में टॉप किया। आर्थिक तंगी के बावजूद हार नहीं मानी। दिन में मज़दूरी और रात को पढ़ाई करके उसने इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। कई बार फीस भरने के लिए दूसरों के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाया। आज वही रामू चौधरी विदेश की एक नामी एरोनॉटिकल कंपनी में इंजीनियर है। गाँव लौटकर जब उसने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया तो उसकी आँखों में चमक थी। उसने कहा – "मेरे पास कभी साधन नहीं थे, लेकिन हिम्मत और मेहनत ने मुझे यहाँ तक पहुँचाया। सपने छोटे-बड़े नहीं होते, बस उन्हें पूरा करने की जिद होनी चाहिए।" गाँव के बच्चे और युवा अब उसे अपना आदर्श मानते हैं। रामू की यह कहानी बताती है कि – गरीबी हालात है, लेकिन मेहनत इंसान की पहचान बनाती है। मुश्किल रास्ते ही हमें मंज़िल तक ले जाते हैं।

## पिछोर में उत्साह पूर्वक मनाया गया खेल दिवस

### खिलाड़ियों ने दी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि



**जगदीश पाल**

पिछोर(शिवपुरी) 29 अगस्त शुक्रबार को छत्रसाल स्टेडियम एवं शिवलोक पब्लिक स्कूल में खेल दिवस पर कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें फुटबॉल मैच,100 मीटर दौड़, आदि प्रतियोगिताएं पिछोर विधायक प्रतिनिधि सुनील लोधी की अध्यक्षता एवं कयूम खान(चाचा) के विशिष्ट अतिथि के रूप में की गई!

सुनील लोधी तथा कयूम खान चाचा के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साह वर्धन बढ़ाया इसके साथ ही यह कार्यक्रम 29 अगस्त से 31 अगस्त तक विकासखंड पिछोर में बड़े उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है !साथ ही खिलाड़ियों एवं अतिथियों के द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर मालाकर बच्चों को खेल के बारे में बताया इस मौके पर सत्येंद्र पाठक,रणजीत रहोरा, कृष्णा द्विवेदी, आदि सभी अतिथियों को सम्मान स्वरूप शिवलोक पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर नीरज गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए! अतिथियों का सम्मान प्राचार्य शीतल शर्मा द्वारा किया गया,मंच का संचालक एवं आभार ब्लॉक यूथ कोऑर्डिनेटर अतर सिंह गौर (जोंटी ) द्वारा किया गया इसके साथ ही अंत में खिलाड़ियों को शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कराया गया!

## बागली एसडीओपी सृष्टि भार्गव का भारत तिब्बत समन्वय संघ द्वारा किया गया सम्मान

**संजय प्रेम जोशी**



बागली। बागली पुलिस अनु विभागीय अधिकारी सृष्टि भार्गव विगत दिनों कैलाश मानसरोवर यात्रा करने पहुंची यह जानकारी भारत तिब्बत समन्वय संघ सदस्यों को लगने पर उन्होंने पुलिस अनुभाग अधिकारी सृष्टि भार्गव के निवास स्थान पर जाकर यात्रा के लिए बधाई देते हुए उनका शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर मिठाई खिलाकर सम्मान किया इस दौरान भारत तिब्बत समन्वय संघ की प्रांतीय उपाध्यक्ष शोभा गोस्वामी जिला



उपाध्यक्ष सुनील योगी नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव पार्षद अमित धूलिये योग शिक्षिका श्रीमती कीर्ति पंचोली समाजसेवी रामचंद्र गवलना चित्राक्षी योगी उपस्थित रहे। यात्रा का वृतांत सुनाते हुए सृष्टि भार्गव ने बताया कि 14 दिन में उनकी यात्रा पूर्ण हुई है। इसके लिए वह शीघ्र ही भगवान जटाशंकर मंदिर पर जाकर अभिषेक भी करेंगें इस अवसर पर भारत तिब्बत समन्वय संघ सदस्यों के उपस्थिति में कैलाश मानसरोवर मुक्ति आंदोलन की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान दृष्टि भार्गव ने उनकी यात्रा का पूरा विवरण माधव एक्सप्रेस को बताया साथ ही बताया कि भारत के लोग हमेशा से कैलाश मानसरोवर को मुक्त होना देखना चाह रहे हैं यदि सब कुछ ठीक रहा तो आने वाले समय में कैलाश मानसरोवर की यात्रा सहज और सरल हो जाएगी वर्तमान में वहां पर जाना बहुत मुश्किल भरा है दो देशों के बीच के संबंधों के मध्य नजर सुरक्षा की दृष्टि से वहां पर सघन जांच होती है। वर्तमान मोदी सरकार यदि चाहे तो कैलाश मानसरोवर की यात्रा सभी भारतीयों के लिए सुलभ हो सकती है। इसी दौरान भारत तिब्बत समन्वय संघ की प्रांतीय महामंत्री शोभा गोस्वामी ने संकल्प दिलाते हुए बताया कि हम सब प्रयास करेंगे तो निश्चित रूप से कैलाश मानसरोवर दुष्ट चीन के जंगल से मुक्त हो जाएगा।

## नगर परिषद में गणेश जी की स्थापना कर प्रतिदिन आरती पूजन हो रहा है।



**संजय प्रेम जोशी**

हाटपिपल्या। गणेश चतुर्थी पर्व नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नगर में कई स्थानों पर गणेश जी की विधि विधान से स्थापना कर प्रतिदिन आरती पूजन किया जा रहा है। नगर परिषद में गणेश जी की स्थापना कर अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण राठौर, भाजपा महामंत्री रमेश संदुकलिया,लेखापाल अजय पथरोड भगवान सिंह राजपूत सुरेंद्र सिंह सेंधव, गणेश वर्मा, नन्दकिशोर तंवर सन्तोष वर्मा आदि ने पुजन किया। इसी प्रकार नगर के बजरंग चौराहा नेवरी बागली मार्ग आदि स्थानों पर गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना कर आरती पूजन किया जा रहा है।

## ब्रह्म ज्ञान को पाने की योग्यता मात्र शुद्ध अंतःकरण है



ज्ञान रुपी चक्षु कोई भी जन्म से ही लेकर नहीं पैदा होता। और न ही इसे कोई स्वयं अपने बलबूते पर धारण कर सकता है। इसे धारण करने के लिए किसी ज्ञानी का सानिध्य जरूरी है। यहां तक कि राम चंद्र जी जैसे अवतरित महापुरुष ने भी इस ज्ञान रूपी चक्षु को धारण करने के लिए ऋषि मुनियों का ही आशीर्वाद लिया था। और आम जन की यह किस्मत पर निर्भर करता है कि उसे जीवन भर कोई ऐसा संग मिल भी पाता है या नहीं। कई बार हमारी आंखों के सामने राह होती है और हम पहचान नहीं पाते हैं।

ज्ञान अर्जित महानुभावों का कहना है कि प्रत्येक मनुष्य में ज्ञान होता है किन्तु अज्ञान उसे आच्छादित किये रहता है। उस अज्ञान के हटने पर ही मनुष्य को ज्ञान की अनुभूति होती है और अज्ञान तभी हटता है जब मनुष्य का अंतःकरण पूर्णतः शुद्ध हो। ब्रम्हज्ञान पाने का अधिकारी केवल वही साधक है जिसका अंतःकरण शुद्ध होगा। सहज योग ध्यान एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे नाड़ियों व चक्रों की शुद्धता होती है भय, अहंकार और क्रोध को त्यागकर ही हम पूर्णतः शुद्ध हो सकते हैं। चक्रों में पहले चक्र मूलाधार चक्र पर ध्यान करके हम सत्सत् विवेक व बोध प्राप्त करते हैं जिससे हमें अपने स्व को पहचानने का अवसर मिलता है। ध्यान के दौरान कुंडलिनी शक्ति सभी चक्रों को प्रकाशित करते हुये जब सहस्त्रार का भेदन करती है, ज्ञान चक्षु खुल जाते हैं। इस ज्ञान चक्षु से हम ईश्वरीय चेतना से अभिभूत होते हैं और सत्य व यथार्थ की अनुभूति होती है। ईश्वरीय साम्राज्य में प्रवेश करने से बढ़कर कोई और ज्ञान नहीं है। हमारे अंदर व्याप्त अंधकार छंटने लगता है और हम अपने को और दूसरों को भी सही प्रकार से देख पाते हैं। योग के अनेक प्रकार हैं। परंतु, सहज योग से कम समय में तथा सांसारिक जीवन में रहते हुए आत्मसाक्षात्कार पाना संभव होता है। एक शुद्ध इच्छा लेकर सहज योग से जुड़ें। सहज योग के बारे में जानने हेतु हमारा टोल फ्री नंबर है 18002700800 पर कॉल कर सकते हैं । सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

## बलाई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को मिली सर तन से जुदा करने की धमकी



इंदौर। बता दें कुछ समय पहले आ रहे इंटरनेशनल कॉल सभी महिला कार्यकर्ताओं ने मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष की सुरक्षा के लिए दिया DCP झोन 4 को आवेदन बता दें कुछ समय पहले अखिल भारतीय बलाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को जान से मारने की धमकी देने पर डीसीपी झोन 4 को अखिल भारतीय बलाई महासभा की महिला पदाधिकारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए ज्ञापन दिया बलाई समाज की जिला महामंत्री सुनीता ठाकुर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष को अंतरराष्ट्रीय कॉल से फोन पर मरने की धमकी दि जा रही है इसी को लेकर आज हम डीसीपी कार्यालय पर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष की सुरक्षा प्रदान करने के लिए ज्ञापन दिया है इस दौरान समाज की काई महिला उपस्थित हुई झोन4के डीसीपी ने कहा कि हम इस मामले की जांच करेंगे और सुरक्षा जल्द प्रदान करेंगे।



# विमुक्त जाति दिवस समारोह इंदौर में सम्पन्न

**राजेश धाकड़**

सरकारी योजनाओं की जानकारी, इतिहास का स्मरण और समाज को मुख्यधारा से जोड़ने का आह्वान इंदौर। विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्धघुमक्कड़ जातियों के कल्याणार्थ शहर में "विमुक्त जाति दिवस" का भव्य आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और इस ऐतिहासिक दिवस के महत्व को साझा किया।

सरकारी योजनाओं की जानकारी समारोह में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं विमुक्त घुमक्कड़-अर्धघुमक्कड़ कल्याण बोर्ड के सहायक आयुक्त श्री अनिल जी सोनी ने शिरकत की। पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से पहुँचाया जाएगा।" – श्री अनिल जी सोनी

उन्होंने समाज को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए भरोसा दिलाया कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र परिवार तक पहुँचाया जाएगा। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का स्मरण मुख्य अतिथि श्री गोरेलाल जी भाई साहब ने ब्रिटिश शासनकाल का उल्लेख करते हुए कहा




इन जातियों को अंग्रेजों ने आपराधिक जनजाति घोषित कर दिया था, किंतु 31 अगस्त 1952 को इन्हें मुक्ति मिली। यही कारण है कि यह दिन विमुक्त जाति दिवस के रूप में मनाया जाता हैं समाज की मुख्यधारा में सहभागिता का आह्वान संत श्री राधे चैतन्य महाराज जी ने समाजजनों से आग्रह किया कि वे मुख्यधारा में सक्रिय रूप से जुड़ें।,"राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में समाज की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है।" – संत श्री राधे चैतन्य महाराज

## आयोजन का उद्देश्य और लाभ

सहसंयोजक दीपक गोविंद चौहान ने कहा,इस आयोजन के माध्यम से समाज को योजनाओं की जानकारी मिली और विमुक्त दिवस मनाने का ऐतिहासिक कारण भी स्पष्ट हुआ।" इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे, अशोक जी अधिकारी बीजेपी वरिष्ठ कार्यकर्ता,दिपक चौहान घुमंतू कार्य जिला संयोजकपुष्पेंद्र पाटीदार पार्षद,महेश जी जोशी,सामाजिक कार्यकर्ताः रमेश राठौड़, करण नायक, जितेंद्र राठौर, रमेश नायक,एड. सीमा नायक,संस्था सचिव चेतन भोसले,संदीप रहाणे, पंकज पाटिल, पंकज पवार सहित अनेक समाज प्रमुख समारोह को समाज के अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना गया।

## धमकियों और जातिसूचक गालियों से त्रस्त ग्रामीण, बिरजू बिल्लोरे के खिलाफ कार्रवाई की मांगकनाडिया थाना क्षेत्र में बिरजू बिल्लोरे का आतंक, जातिसूचक गालियां और धमकियों से लोग त्रस्त

इंदौर। कनाडिया थाना क्षेत्र में रहने वाले लोग इन दिनों बिरजू बिल्लोरे के आतंक से बेहद परेशान हैं। जानकारी के अनुसार बिचोली हप्सी गांव का रहने वाला बिरजू बिल्लोरे आये दिन कलोता समाज को लेकर नंगी-नंगी गालियां देता है और जान से मारने की धमकी तक देता रहता है। यही नहीं, वह लगातार लोगों को एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की भी धमकी देता है। गांव के लोग उसके डर और आतंक से दहशत में हैं। बताया जाता है कि कल बिरजू बिल्लोरे ने अंतर सिंह चौहान को जातिसूचक गालियां दीं। जब अंतर सिंह



चौहान ने इसका विरोध किया तो बिरजू ने उन्हें जान से मारने और एससी-एसटी केस में फंसाने की धमकी दे डाली।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद अंतर सिंह चौहान ने कनाडिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि बिरजू बिल्लोरे की गुंडागर्दी से हर कोई परेशान है और अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले में आगे क्या कदम उठाती है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

## श्री बलाई पंच राधा कृष्ण मंदिर के डोल का 52वा वर्ष बड़ी धूम धाम से निकाले जाएगा






इंदौर राधा कृष्ण मंदिर समिति के द्वारा डोल ग्यारस पर 70 वर्षों से निभा रहे हैं परंपरागत झांकी निकाली जाएगी विगत 52 वर्षों से राधा कृष्ण मंदिर समिति द्वारा डोल ग्यारस बड़े ही धूमधाम से निकाला जाता है आयोजन अशोक मालवीय ने बताया कि हमारी परंपरागत हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी का मनमोहन वाली शिव बारात की भी एक झांकी इस जुलुस में मौजूद होगी यह हमारा डोल का 52 व वर्ष है जिस तरह से हम लोग बड़े धूमधाम से यह डोल निकलते हैं आगे भी हमारी नई पीढ़ी इसी तरह धूमधाम से डोल निकाले राधा कृष्ण मंदिर समिति धर्मराज प्रधान पूर्व एसडीएम एवं संरक्षक,लीलाधर कुराडिया वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा, अनिल जी मालवीय कोषाध्यक्ष, सन्नी जुम्बे, युवा अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण जी काका व्यवस्थापक,संयोजक अशोक मालवीय,समाज सेवी विजय चौहान,जयराज प्रधान,कुमार प्रधान,संजय चौहान, कैलाश मालवीय,बलाई महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार, पार्षद भावना सुंदर लाल चौधरी, खलीफा मे कुलदीप प्रधान अखाड़े के खलीफा,अंतर सिंह जी प्रधान, चंद्रशेखर मालवीय,रमेश चंद्र मालवीय

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार ,
2 सितम्बर 2025 से 8 सितम्बर 2025 तक



# थाना सराफा में त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न




इंदौर। थाना सराफा में थाना प्रभारी श्री सुरेंद्र सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों – तेजा दशमी, ढोल ग्यारस एवं ईद मिलादुन्नबी – को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर सुरक्षा समिति के सदस्य एवं आयोजकगण उपस्थित रहे। इस दौरान त्योहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। थाना प्रभारी रघुवंशी ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से भी सुझाव लेकर आपसी सहयोग एवं समन्वय से त्योहारों के आयोजन का आह्वान किया।

# मीणा समाज का नवनियुक्त पदाधिकारीयों का स्वागत सम्मान इंदौर में संपन्न




**महू-इंदौर- मध्य प्रदेश मीणा समाज के उपाध्यक्ष जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया मध्य प्रदेश मीणा समाज अध्यक्ष रामनिवास मीणा ने जो जिम्मेदारी सोंपी है इस कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।**

इसी कड़ी में नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण टी टी के नेतृत्व में मीणा समाज के नवनियुक्त पदाधिकारीयों का स्वागत सम्मान इंदौर में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मीणा समाज के आराध्य देव भगवान मीनेष के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया इस अवसर पर मुख्य रूप से मीणा समाज महामंत्री और जिला अध्यक्ष सत्यनारायण टी टी, प्रदेश उपाध्यक्ष जुगनू जादवसिंह धनावत, प्रदेश सह मंत्री भारत मीणा,जिला अध्यक्ष धार दिलीप कामदार, जिला युवा अध्यक्ष इंदौर नवीन मीणा का आत्मीय स्वागत हुआ। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रमेश धनावत, संतोष मीणा, रतन मीणा, महिला जिला अध्यक्ष दीपा प्रकाश मीणा, उमरावसिंह धनावत, अशोक सेठ,पवन मीणा, नरेंद्र मीणा, डॉ अजय धनावत, संतोष भोंडा, कमल मुकाती, महेश कामदार, दुर्गाप्रसाद मीणा, कोमलसिंह मीणा, पत्रकार अजय बारवाल, सुभाष मीणा,जितेंद्र मीणा, अरुण टाटू, विवेक मीणा, नारायण मीणा, मुकुल मीणा, विकास मीणा, ज्योति मीणा, वर्षा मीणा, रेखा मीणा, सुभद्रा मीणा, श्यामू मीणा, राम मीणा, चेतन मीना, मनोज मीणा, रिंकू मीणा, दिनेश मीणा, नितिन मीणा, महेंद्र मीणा, केशव मीणा, हरि मीणा, दिनेशचंद्र मीणा, अभिषेक मीणा इत्यादि सैकड़ो मीणाजन उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच ने दीपाली निर्वान को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया

इंदौर निवासी दीपाली निर्वान को राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच का प्रदेश महामंत्री (मध्यप्रदेश) नियुक्त किया गया है।

# अंत्योदय समाज को अग्रिम पंक्ति में लाना भाजपा का प्रमुख लक्ष्य -यादव

**बागली। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों पर चलने वाली भारतीय जनता पार्टी की सिपाही भी जनता के सहयोग से उनके बताए कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं**



पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय सिद्धांत पूरे देश में चल रहा है। भाजपा सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं के लाभ पहुंचे उसी के तहत बागली में भी अनुसूचित वार्ड वार्ड क्रमांक एक एवं अनुसूचित जनजाति वार्ड क्रमांक 6 में नवीन आंगनवाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया है शीघ्र ही इन वार्डों में आकर्षक आंगनबाड़ी भवन बनकर तैयार हो जाएगा जिससे स्थानीय रह वासी नो निहालों को प्राथमिक शिक्षा और पोषण मिल सकेगा। उक्त बातें नगर पालिका महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव ने देते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक एक एवं वार्ड क्रमांक 6 में आंगनवाड़ी भवन निर्माण होना अति आवश्यक कार्यों में शामिल था इसका भूमि पूजन वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में विधि विधान से कर दिया गया है। वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद अमित धूलिये ने बताया की उनके वार्ड में आंगनबाड़ी भवन बन जाने से वार्ड से जुड़े जो निहाल बच्चे बेहतर पोषण के साथ-साथ आरंभिक शिक्षा को ग्रहण करेंगे वही वार्ड क्रमांक 6 की पार्षद मनीषा खेरवाल एवं उनके प्रतिनिधि योगेश ने आंगनवाड़ी भवन के बनने की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि उनके वार्ड में उक्त भवन की बहुत आवश्यकता थी इसके पहले किराए के भवन में आंगनबाड़ी संचालित होती रही है अब पक्का भवन बन जाने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होने के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर परिषदअध्यक्ष सीमा यादव, पार्षद अमित धुलिये मोहन मान धनियाअधिवक्ता प्रवीण चौधरी कार्यकर्ता दिलीप गुजराती शरीफ पठान विनोद राठौड़ वीरेंद्र गुर्जर सहित क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और परियोजना अधिकारी सहित बड़ी मात्रा में वार्ड वासी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )